श्री वयालार रवि (चिरचिकील) : श्री उग्रसेन ने कहा है कि रेलवे बोर्ड को समाप्त कर दिया जाये। लेकिन मैं उनसे सहमत नहीं हूं । आज रेलवे बोर्ड के अधिकारो बाहर के व्यक्ति नहीं है । रेलवे बोर्ड को समाप्त करने का नारा उचित नही है । रेलवे बोर्ड में बाहर के व्यक्तियों को लाना सरकार ने अपना रवैया बना लिया है । इस रवैये से वहां मनोबल गिर रहा है जो नहीं होना चाहिए । आज डाक-तार विभाग में भो आई०ए०एस० कैडर के व्यक्ति को लिया जाता है कि डाक-तार की कुछ भी जानकारो नहीं होती ।

बढ़तो हुई रैल दुर्घटनाओं से लोगों में आंतक पैदा होता है । उनका रेलवे से विश्वास उठ गया ह । बे समझते हैं कि रेलों में यात्रा करना सुरक्षित नही है । अत: लोगों में भय की भावना दूर करनी चाहिये । मंत्रो महोदय ने सार्वजनिक भाषण में कहा है कि कुछ तत्व रेलवे के हितों के प्रतिकूल कार्म कर रहे हैं । अत: उनका सार्वजनिक तौर से विगोपन किया जाये ।

रेलो में विशेषकर तेज रफ्तार वाली रेलो में जो खाना दिया जाता है उसकी क्वालिटी में सुधार होना चाहिये। ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि बीच के स्टेशनों पर गाड़ी में चढ़ने वाले यात्री उन डिब्बो में न घुसे, जिनमें लम्बी यात्रा करने वाले यात्री बैठे हो। उनके लिए पृथक डिब्बों की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठायें जाने चाहिये।

हम हमेशा ही अधिक गाड़ियों के विद्युतीकरण को मांग करते आये हैं क्योंकि इससे रेलवे की क्षमता और अधिक हो जायेगी। त्रिवेंद्रम-मंगलूर लाइन पर भारी यातायात है। फिर भो आधे मार्ग पर ही डीजल इंजन से चलने वाली गाड़ी चलाई जातो है। या तो इस समूचे मार्ग का डोजलोकरण कर दिया जाये या फिर इस लाइन पर अधिक गाड़ियां चलाइ जायें।

मंत्री जो के बजट भाषण में अलेप्पो-एरणाकुलम लाइन का उल्लेख नहीं किया गया है। इस लाइन को प्राथमिकता दो जानो चाहिए।

केरल में, विशेषकर क्विलन में अधिकांश स्टेशनों पर भारो भोड़ रहतो है। समूचे प्लैटफार्मों पर सामान रखा होता है, जिससे इधर उधर जाने के लिए स्थान नहीं होता। यद्यपि इस बारे में मैंने शिकायत भी की है, फिर भी उस पर कोइ ध्यान नहीं दिया गया है। प्लैटफार्मों पर अधिक भोड़ भाड़ को रोकने के लिए कुछ उपाय किए जाने चाहिए।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र में पेरुन्गूज़ी नामक स्टेशन है। वहां इमारत बनकर तैयार हो गइ है। वहां मशीनें आदि लगाइ जानी चाहिएं और इसे पूरो तरह से हाल्ट स्टेशन बनाया जाये।

डा० हेनरी आस्टिन (एरणाकुलम) : रेल मंत्री द्वारा पिछले बजट में दिए गए वचनों को पूरा किए जाने के लिए केरल के लोग उनका धन्यवाद करते हैं क्योंकि उन्होंने अर्नाकुलम-एलप्पी रेलवे लाइन का प्रावधान किया था, लेकिन वर्तमान बजट में इस रेलवे लाइन के लिए कोई प्रावधान नहीं है। यह कहने का कोइ लाभ नहों है कि सरकार तो यह कार्य आरम्भ करना चाहती है लेकिन योजना आयोग धन देने की मंजूरी नहीं दे रहा है। अतः रेल मंत्री को मामले पर शीघ्र विचार करना चाहिए।

मदुरा से कोचीन को मिलाने के लिए केरल के लोग बहुत दिन से मांग कर रहे हैं। मंत्री महोदय को इस पर विचार करना चाहिए।

मंत्री महोदय ने चतुर्थ श्रेणी के विशेषकर कमीशन पर भोजन व्यवस्था का काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित करने का जो आश्वासन दिया है उसके लिए वह बधाइ के पात्र हैं।

केरल में हम अनेक जल परियोजनाएं विशेषकर विश्वविख्यात इदिक्की परियोजना का निर्माण कर रहे हैं। इस सन्दर्भ में रेलों का विद्युतीकरण करने के लिए मांग की जा रही है। अतः रेलवे प्रशासन को बड़े पैमाने पर रेलों का विद्युतीकरण करना चाहिए और कोचीन से एक परिक्रमा रेल गाड़ी आरम्भ करनी चाहिए जो यहां कोचीन विकास प्राधिकरण क्षेत्र में नगरों और सभी शहरी से होकर गुजरेगी।

लम्बी यात्रा करने वाले यात्रियों को होने वाली असुविधा के बारे मे उल्लेख किया गया है। के० के० एक्सप्रैस ऐसी लम्बी दूरी वाली गाड़ियों के अधिकारियों से यह कहने का सुझाव दिया गया

[डा० हेनरी ऑस्टिन]

प्रतीत होता है कि वे अपना कार्य समय ऐसे स्टेशनों पर या किसी विशेष क्षेत्रीय रेलवे की सीमा पर समाप्त करें। इसका यह तात्पर्य है कि बार बार नये नये अधिकारी आकर यात्रियों को तंग करेंगे। मंत्री महोदय को इस मामले पर विचार करना चाहिए।

जब यहां अफगान शिष्टमंडल आया था तो उन्होंने रेलवे अधिकारियों से अन्तर्देशीय रेल परिवहन की समस्या पर चर्चा की थी। इसलिए यदि हमने रेलवे लाइन बनाइ तो इसका यह तात्पर्य होगा कि बार बार नये रेल अधिकारी आयेंगे। अतः रेलवे को बाहर भी देखना चाहिए।

Shri Kanwar Lal Gupta (Delhi Sadar) : A provision had been made to run underground trains in all metropolitin cities. In Calcutta and other cities underground railways are being constructed, but in Delhi this scheme has been cancelled and some other scheme is being evolved. For Delhi a committee has been appointed consisting representatives from Transport Ministry, Railway Minister and Works Housing Ministry. That Committee has submitted a report, but nothing has been done in this direction. The Railway Minister should look into the matter. If there are no adequate resources for providing underground railway, a ring railway should be laid connecting the various colonies.

The burden on railway transport in Delhi is on the increase, and it has created a problem of loading and unloading, railway crossing and railway platforms. Therefore a master plan should be made to undertake a survey of this increasing burden on railway with a view to reducing congestion on the station of Delhi. Steps should be taken to expedite the work of constructing the ring railway so as to meet the requirements of growing population of Delhi.

Haryana is a very backward State. A survey should be undertaken to assess the requirements of that state.

Steps should be taken to see that all schemes such as electrification schemes and other schemes are completed within time.

It is learnt that certain facilities to railway officers have been withdrawn. So in order to avoid heart burning Government should set up a Committee to examine the question in detail and then take any decision in the matter.

Shri Rudra Pratap Sarangi (Jamshedpur) : The Railway Minister has presented a very good budget. It has been praised inside and outside the House.

The Railway employees are not happy with the budget because it does not refer to bonus for the employees. This demand of the employees is genuine and it should be accepted. It should be realized that the profits earned by Railways are due to efforts of the employees.

After the retirement of a railway employee, his son should be given a job in the railways.

Railway employees in Waltair are being victimised by Railway Officials. The matter has been brought to the notice of the Minister. The whole matter should be inquired into and suitable action taken against the concerned officers.

In Waltair Division in Srikakulam area 179 casual workers have been retrenched while the work there is in progress. The Minister should look into this matter.

Shri Shyam Lal Dhurve (Mandla): Mandla is a backward area in Madhya Pradesh. That area is mostly inhabited by Adivasis. Hundreds of people died there during Emergency as a result of sterilization.

Although that area is rich in forest wealth and other minerals, but due to lack of railway facilities these resources are not being exploited. In Bastar district iron is in abundance. Besides this there are coal deposits in Chindwara, Shahdole and Mandla districts. In Mandla there are deposits of Boxite also. But unfortunately there is no industry. We were expecting that there would be some provision in the railway budget for laying railway lines in that area, but there is no mention of it in the Budget and in this way our hopes have been shattered.

I hope the Hon. Railway Minister will make provision in the next budget for constructing a rail line from Nainpur to Mandla. If some rail lines are laid in those districts, a number of industries can be set up there. Private industrialists will be willing to establish industries in those areas. This will give employment opportunities to the educated people of those areas.

I request the Hon. Minister to give top priority in the next budget to these backward districts of Madhya Pradesh in regard to construction of railway lines. I support this budget.

डा० विजय मंडल (बांकुरा) : ऐसा बजट पेश करने के लिए मंत्री जी बधाइ के पात्र हैं । किन्तु साथ ही इस बात का खेद है कि पश्चिम बंगाल में बांकुरा तथा पुरुलिया जैसे अविकसित क्षेत्रों की ओर कोइ ध्यान नहीं दिया गया है । वे दोनों जिले समूचे भारत में सबसे पिछड़े जिले हैं । वहां एक भी उद्योग नहीं है । वहां कम से कम चार या पांच लाख लोग भूमिहीन हैं । वह क्षेत्र दामोदर नदी के उत्तरी तट से नहीं मिला हुआ है, जहां कि हर प्रकार के उद्योग विद्यमान हैं । मेरा अनुरोध है कि संकटोरिया में डिसेरगढ़ घाट पर भजिया से रानीगन्ज होते हुए दामोदर नदी पर एक रेल-सड़क पूल बनाया जाये ।

बांकुरा जिले के भजिया क्षेत्र में कोयलों का भंडार है । भजिया से बांकुरा तक रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वेक्षण किया गया था । बांकुरा स रैनिया तक की मीटर गज लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाना चाहिए । अद्रा से खड़गपुर तक की रेल लाइन का विद्युतीकरण किया जाना चाहिए ।

इस बजट में रेल कर्मचारियों के लिए कुछ नहीं किया गया है । उनकी बोनस की मांग पर विचार किया जाना चाहिए । उनके बच्चों की शिक्षा आदि की उचित व्यवस्था होनी चाहिये । साथ ही उन्हें पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं भी दी जानी चाहिएं ।

मेरा निवेदन है कि रेल विभाग से रिटायर होने वाले व्यक्ति के बच्चों को रेलवे में रोजगार दिया जाना चाहिए ।

रेल कर्मचारियों को अभी भी कई संघ हैं, जिन्होंने आपात स्थिति के दौरान भूतपूर्व तानाशाह प्रशासन का समर्थन किया था । ऐसे सघों को अन्य सघों के समकक्ष दर्जा दिया जा रहा है । इन संघों के साथ सांठ गांठ करके नौकरशाह कर्मचारियों को तंग करते हैं । इस सम्बन्ध में समुचित कार्यवाही की जानी चाहिए ।

श्री चित्त बसु (बाराखाट) : मंत्री महोदय को पूर्वी रेलवे के बाराखाट-सियालदह सेक्शन पर दोहरी रेल लाइन बिछाने के बारे में वक्तव्य देना चाहिये। पश्चिम बंगाल द्वारा इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के बावजूद इसे 1978-79 की वार्षिक योजना में शामिल नहीं किया है यद्यपि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने मुझे पत्र लिखकर सूचित किया है कि रेल मंत्रालय इस विशेष परियोजना को 1978-79 की वार्षिक योजना में शामिल करने के लिए तैयार हैं। मंत्री महोदय को सहानुभूति बरतनी चाहिये और इस परियोजना को मंजूर कर देना चाहिये ताकि इस क्षेत्र की जनता को कष्टों से छुटकारा मिल सके।

कोटाशिला-पुरुलिया रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करना अत्यावश्यक है। इस परियोजना को भी यथाशीघ्र मंजूर किया जाना चाहिये।

श्री पवित्र मोहन प्रधान (देवगढ़) : रेल मंत्रालय के सलाहकर समिति ने गत 15 वर्षों के दौरान हुइ दुर्घटनाओं के आंकड़े दिए हैं। इससे पता चला है कि एक वर्ष को छोड़ कर गत 14 वर्षों को तुलना में इस वर्ष रेल दुर्घटनाएं कम हुइ हैं। अत: देश को रेल दुटर्घनाओं के बारे में अधिक चिंता नहीं करनी चाहिये लेकिन रेल मंत्री को सावधानी बरतनी चाहिये ताकि माक्ढेय में बार बार दुर्घटनाएं न हो।

रेल मंत्री को तलचर-सम्बलपर, तलचर-विमलागढ़ आदि आदि को मिलाने वाली रेल लाइन के निर्माण की ओर समुचित ध्यान देना चाहिये ताकि उड़ीसा को भारत सरकार से न्याय मिल सके।

रेलवे बोर्ड को समाप्त नहीं किया जाना चाहिये। इसका पुनर्गठन किया जा सकता है ताकि रेल मंत्रालय में विद्यमान कमियों को दूर किया जा सके।

***श्री गणनाथ प्रधान** (सम्बलपुर) : मैं रेल बजट देखकर निराश हुआ हुं क्योंकि उड़ीसा और राजस्थान के पिछड़े क्षेत्रो में रेल लाइनों के बारे कोइ व्यवस्था नहीं की गयी है। उड़ोसा के लोगों की रेलवे विस्तार तथा रेलवे सेवा के मामले में उपेक्षा की गयी है। उड़ीसा के अधिकांश लोग गरीबी स्तर से नोचे हैं। उन्हें रेलवे में कोई रोजगार नहीं मिलता। तेलचर तथा बिमलागढ़ नइ रेलवे लाईनों के लिये और अधिक राशि का आवंटन किया जाय। तितलागढ़ से बम्बई तथा कलकत्ता सें सम्बलपुर सोधो रेलवे लाईन चलायो जाय।

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : लगभग अधिकांश सदस्यों का आम कहना यह है कि कुछ नई रेल लाइनों का निर्माण किया जाये। हम सर्वप्रथम सर्वेक्षण करते हैं। उसके पश्चात् हम लागत का अनुमान लगाते हैं। तत्पश्चात् मामला योजना आयोग को भेजा जाता है। योजना आयोग को समुचे देश की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर उस पर विचार करना होता है। वे यह देखते हैं कि रेलवे के लिए कितना प्रावधान किया जाये तथा अन्य परियोजनाओं आदि के लिए कितने धन की व्यवस्था करनी होगी। हम योजना आयोग को दोष नहीं दे सकते।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में हमें 89 करोड़ रुपए का लाभ होने की आशा है। यहां तक कि अगले वित्तीय वर्ष में भी हम 65 करोड़ रुपए के लाभ की आशा करते हैं। स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठता है कि जब इतनी धनराशि का लाभ हुआ है तो फिर इसका काफी भाग नई रेल लाइनों के निर्माण के लिए

*उड़िसा में दिये गये भाषण के अंग्रजी अनुवाद का संक्षिप्त हिन्दी रूपांतर।

*Summarised Hindi translation of the English translation of the speech delivered in Oriya.

काम में क्यों नहीं लगाया जा रहा है। अतीत की असफलताओं के कारण पिछले ऋणों का भारी मात्रा में भुगतान करना पड़ा है। यह ऋण इसलिए हुआ क्योंकि भूतपूर्व प्रशासन सामान्य राजस्व के प्रति लाभांश के दायित्वों को पूरा नहीं कर पाया। इसके फलस्वरूप 360 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण है।

[श्री धीरेन्द्र नाथ बसु पीठासीन हुए
Shri Dhirendra Basu in the Chair]

हमारे को जो लाभ हुआ है, उसे पुराने ऋणों के भुगतान के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है। इसलिए पहली अप्रैल को हमारे पास कार्य करने के लिए एक भी पैसा नहीं होगा।

हम वित्त मंत्रालय को दो सुझाव दे रहे हैं।

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Speaker in the Chair]

पहला सुझाव यह है कि हमें इन ऋणों को ब्याज देय पूंजी में परिवर्तित करने दिया जाए। इस "ब्याज देय पूंजी" पर हम 6 प्रतिशत लाभांश दे सकते हैं। यह पहला सुझाव है। दूसरा सुझाव यह है कि हमारे लाभ को विकास निधि बनाने के लिए अनुमति दी जाए। उस विकास निधि में से कुछ अंश का प्रयोग नई रेल लाइनों को बिछाने के लिए किया जा सकता है। यदि यह नई नीति, जिसके बारे में हम वित्त मंत्रालय तथा योजना आयोग से विचार-विमर्श कर रहे हैं, सफल हो जाती है तो फिर हमारे लिए यह संभव हो सकता है। कि हम अपनी आय का अधिक भाग नई लाइनों को बिछाने के लिए प्रयोग में ला सकते हैं।

कई सदस्यों ने बिना चौकीदार के फाटकों का उल्लेख किया है। वर्तमान उपबन्धों के अनुसार बिना चौकीदार वाले फाटकों पर चौकीदार नियुक्त करने के कार्य के समचे व्यय का भार स्थानीय प्राधिकार अथवा राज्य सरकार पर पड़ता है। रेलवे 100 प्रतिशत बिना चौकीदार वाले फाटकों पर चौकीदार नियुक्त करने की जिम्मेदारी लेगा।

जहां तक माल डिब्बों के उपयोग का सम्बन्ध है, कठिनाई यह नहीं है कि हमारे पास पर्याप्त संख्या में मालडिब्बे नहीं हैं। हमारे पास लगभग 4 लाख माल डिब्बे हैं। वास्तविक कठिनाई यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में इन माल डिब्बों का वितरण एक समान नहीं है। हमारी कठिनाई यह है कि कई ऐसे स्टेशन हैं, जहां डिब्बों को तत्काल खाली नहीं किया जाता और इसलिए जमा माल बढ़ जाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि इस सम्बन्ध में पूरी समता से काम नहीं किया जाता। जब वे विभिन्न क्षेत्रों में वितरित हो जाते हैं तो हमें आंकड़ा केन्द्र पर तत्काल जानकारी नहीं मिलती। हम एक समकित संगणक कार्यक्रम तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसकी सहायता से हमें सभी क्षेत्रों से संगणक द्वारा केन्द्र को सभी आंकड़े उपलब्ध हो जायगें और 24 घंटों के अन्दर केन्द्रीय आंकड़ा केन्द्र की जानकारी उपलब्ध हो जाएगी और फिर माल डिब्बों का विवरण और बेहतर ढंग से हो सकता है।

रेलवे पहले ही वित्त मंत्रालय तथा योजना आयोग के समक्ष तीन बंद्ध संयंत्रों के विकास के सम्बन्ध में एक योजना रख रहा है। हम चौथे संयंत्र की स्थापित क्षमता को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। यदि ऐसा हो जाता है तो हम काफी हद तक रेलवे की अपनी आंतरिक जरुरतों को पूरा कर सकते हैं।

रेलवे बोर्ड को समाप्त करने का उल्लेख किया गया है। रेलवे बोर्ड नौकरशाहों का संगठन नहीं है। यह एक ऐसा संगठन है जो कि विभिन्न कार्यों का संचालन करता है और इसलिए इस संगठन को बनाए

[प्रो० मधु दंडवते]

रखना चाहिए। हमें इसके आकार में परिवर्तन करके इसका पुनर्गठन नहीं करना बल्कि शक्ति का आवरण करना है। हमने पहले हो प्रशासनिक तथा वित्तीय शक्तियों का अन्तरण तथा प्रत्यायोजन कर लिया है। हमने ऐसा डिवीजनल स्तर पर किया है और इसके अच्छे परिणाम निकलेंगे।

विलम्ब शुल्क की बकायी राशि का उल्लेख किया गया है। किसी ने बताया है कि ये वे बड़े बड़े व्यापार गृह हैं जिन पर बड़ी मात्रा में विलम्ब शुल्क की बकाया राशि है। दुर्भाग्य से हमारा अपना अनुभव है कि सरकारी क्षेत्र के कई उपकरण हैं जिन्होंने विलम्ब शुल्क की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है। हम इस मामले पर उनके साथ बातचीत कर रहे हैं।

सुझाव दिया गया है कि हमें दिल्लो, बम्बई तथा मद्रास में भूमिगत रेल सेवा आरम्भ करनी चाहिए। इस बारे में हमें कलकत्ता का कड़ा अनुभव है। बम्बई के निगम ने स्वयं कहा है कि हम बहुत खर्चीली भूमिगत रेल सेवा नहीं चाहते हैं दिल्ली के सदस्यों को भी भूमिगत रेल सेवा का विचार त्याग देना चाहिए। इससे बेहतर तो यह है कि हम भूमि यातायात को सुधारें, जिससे कि अच्छे परिणाम निकलेंगे।

सभा में दिये गये सभी व्यक्तिगत ठोस सुझावों का उत्तर बजट सत्र के समाप्त होने से पहले दे दिया जायगा।

मिजोरम के बारे में वक्तव्य
STATEMENT REGARDING MIZORAM

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह) : सदन को मालूम है कि मिजो नेशनल फ्रंट के अध्यक्ष श्री लाल डेंगा द्वारा व्यक्त की गई इस इच्छा के अनुसरण में कि वह मिजोरम संघ शासित क्षेत्र में फिर से पूर्ण शान्ति स्थापित करने के कार्य में सहयोग देने के लिए उत्सुक हैं, भारत सरकार गत दो वर्षों के दौरान उनसे निरन्तर विचार-विमर्श करती रही है। श्री लाल डेंगा के नेतृत्व में मिजो नेशनल फ्रंट के एक प्रतिनिधि-मण्डल और भारत सरकार के साथ 18 फरवरी, 1976 को एक समझौता हुआ जिसमें स्पष्टतः उन्होंने यह मान लिया था कि मिजोरम भारत का अभिन्न अंग है और भारत के संविधान के ढांचे के भीतर मिजोरम में समस्या के हल को स्वीकार करने के अपने निर्णय की भारत सरकार को सूचना दी। प्रतिनिधिमण्डल ने स्पष्ट समानादेश प्राप्त करने और कोई शीघ्र तथा अन्तिम हल निकालने के लिए पूर्ण प्राधिकार प्राप्त करने के लिए अपने साथियों से मिलने की सुविधाएं प्रदान करने का भारत सरकार से अनुरोध किया। प्रतिनिधि मण्डल इस बात पर भी सहमत था कि भूमिगत लोगों के अपने हथियारों तथा गोला बारूद के साथ पारस्पारिक सम्मत शिवरों में एकत्र होने और इस प्रकार एकत्र किये गये हथियारों तथा गोला बारूद को प्रतिनिधिमण्डल के अपने साथियों से मिलने के एक महीने के भीतर सौंपने के तुरन्त कदम उठाये जायेंगे। तदनुसार, मार्च, 1976 को एक बैठक हुई। बैठक के परिणाम स्वरूप श्री लाल डेंगा को समझौते को कार्यान्वित करने का पूर्ण अधिकार था। प्ररन्तु आशाओं के प्रतिकूल उन्होंने इस सम्बन्ध में कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाये। वह इस बात पर भी जोर दे रहे थे कि समझौता गुप्त रखा जाय।

2. जब सरकार ने विलम्ब पर अपनी नाराजगी व्यक्त की तो वह 1 जुलाई, 1976 को एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के लिए राजी हो गये जिसमें फरवरी समझौते की मुख्य बातों को

दोहराया गया था । लेकिन इसके बाद भी समझौते को कार्यान्वित करने के लिए कोई कदम उठाए बिना उन्होंने चोरी छिपे प्रतिकूल प्रचार शुरू कर दिया और कोई प्रगति नहीं हुई ।

3. जब वर्तमान सरकार ने कार्यभार सम्भाला था तो उनके सामने सबसे पहली समस्या मिजोरम की थी । लाल डेंगा के अनुरोध पर उनसे अधिकारी स्तर पर बातचीत पुनः आरम्भ की गई । उनको प्रधान मंत्री से मिलने का भी दो बार अवसर दिया गया था । वे मुझसे भी अनेक बार मिले । लाल डेंगा के साथ हमारी बातचीत के दौरान हमने उनसे जोर देकर कहा कि छिपाये हुए हथियारों तथा गोलाबारूद को बाहर निकालने और विद्रोही तथा गैर कानूनी गतिविधियों को तुरन्त रोकने को आवश्यकता है । उनसे जोर देकर यह भी कहा गया कि हमारे संविधान और हमारी लोकतांत्रिक परम्परा व पद्धति में सभी न्याय संगत आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए गए हैं । उनको यह भी स्पष्ट किया गया था कि पृथकतावादी विद्रोही तथा अन्य गैर कानूनी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में अन्य मामलों के समाधान के लिए शर्त नहीं बनाया जा सकता । इसलिए उनको सलाह दी गई थी कि पहले हुई सहमति के अनुसार भूमिगत लोगों को शिविरों में लाने के लिए तुरन्त कार्रवाई प्रारम्भ की जाए और गैर कानूनी हथियारों व गोलाबारूद को सरकार को सौंपा जाए । परन्तु फिर भी कुछ नहीं किया गया ।

4. जब लाल डेंगा से विलम्ब के बारे में पूछा गया तो उन्होंने 14 नवम्बर, को मुझे लिखा कि उन्होंने मिजोरम में फिर से शान्ति स्थापित करने का निश्चय कर रखा है और छिपाये हुए हथियारों को बिना शर्त सीधे बाहर निकालने के लिए एक निश्चित समय बद्ध कार्यक्रम बनाया है तथा यह प्रक्रिया 26 जनवरी, 1978 तक पूरी कर दी जायेगी ।

5. मुझको दिए गए आश्वासन को कार्यान्वित करने के लिए कोई कारवाई करने की बजाय हम को सूचना मिली है कि, श्री लाल डेंगा अपने साथियों के मन में भ्रान्ति पैदा करने के कार्य करने लगे हैं । उन्होंने नए सुझाव दने शुरू कर दिए हैं कि उनको बिना चुनाव कराए ही मिजोरम में एक अन्तरिम सरकार का मुखिया बनाया जाए । उनको यह बताया गया था कि ऐसी असंवैधानिक तथा अलोकतांत्रिक कार्रवाई करना संभव नहीं है । लगता है कि वे इस से सहमत थे और 25 फरवरी, 1978 को अपने पहले आश्वासनों को दोहराते हुए मुझे लिखा कि वे अपनी निश्चित सलाह अपने साथियों को दे रहे हैं कि समझौते को कार्यान्वित करने का समय आ गया है तथा इस कार्य को 31 मार्च, 1978 तक पूरा कर लिया जाए । उन्होंने मुझको भेजे गए अपने पत्र के अनुसार एक प्रेस वक्तव्य भी जारी किया । परन्तु हमें पता चला कि उन्होंने उन रूप रेखाओं पर आधारित कोई सन्देश नहीं भेजा । इसके बजाय उन्होंने अपने साथियों को विपरित अनुदेश भेजे ताकि उन को समझौता कार्यान्वित करने से रोका जाए ।

6. यह स्पष्ट है कि लाल डेंगा अपने ही कारणों से इसमें विलम्ब करने में अधिक इच्छुक हैं ।

7. इन परिस्थितियों में हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि उनसे बातचीत जारी रखने से कोई उपयोगी प्रयोजन प्राप्त नहीं होगा । हमको पूरी आशा है कि मिजोरम के लोग उन सभी लोगों के हाथ मजबूत करेंगे जो व्यर्थ हिंसा तथा आतंक का रास्ता छोड़ना चाहते है, हम केवल सामान्य स्थिति कायम करने के लिए ही नहीं बल्कि स्थापित किए गए संवैधानिक तरीकों से मिजोरम के लोगों को सभी न्यायसंगत राजनैतिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भी अथक प्रयत्न करेंगे ।

अनुदानों की मांगे (रेल) 1978-79—जारी

DEMANDS FOR GRANTS (RAILWAYS) BILL*—1978-79—*Contd.*

अध्यक्ष महोदय : यदि कोई सदस्य अपने कटौती प्रस्ताव पृथक से नहीं रखना चाहते तो मैं सभी कटौती प्रस्तावों को एक साथ रख देता हूं ।

प्रो० पी० जी० मावलंकर (गांधीनगर) : मेरे कटौती प्रस्ताव संख्या 2, 3 को सभा में मतदान के लिए पृथक से रखा जाए ।

अध्यक्ष महोदय : मैं अब कटौती प्रस्ताव संख्या 2, 3 सभा में मतदान के लिए रखता हूँ ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा कटौती प्रस्ताव संख्या 2 और 3 मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए ।

The cut motions Nos. 2 *and* 3 *were put and negatived.*

अध्यक्ष महोदय : अब मैं अन्य सभी कटौती प्रस्तावों को सभा में मतदान के लिए रखता हूँ ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा कटौती प्रस्ताव संख्या 1, 4 से 18, 79 से 88, 150, 151, 154, 157 से 174, 183 से 196, 199, 200, 295 से 300, 311 और 327 से 333 मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए ।

The cut motions Nos. 1, 4 *to* 18, 79 *to* 88, 150, 151, 154, 157 *to* 174, 183 *to* 196, 199, 200, 295 *to* 300, 311 *and* 327 *to* 333 *were put and negatived.*

अध्यक्ष महोदय द्वारा रेल मंत्रालय की वर्ष 1978–79 की निम्नलिखित अनुदानों की मांगें मतदान के लिए रखी गई और स्वीकृत हुई :

The following demands for grants in respect of Ministry of Railways for the year 1978-79 *were put & adopted :*

मांग संख्या	मांग का नाम	स्वीकृति के लिए सदन में पेश की गयी अनुदान की मांग की रकम
		रुपये
1	रेलवे बोर्ड	2,53,53,000
2	विविध व्यय	12,65,27,000
3	चालित लाइनों और अन्य को भुगतान	70,25,000
4	संचालन व्यय—प्रशासन	160,85,35,000
5	संचालन-व्यय—मरम्मत और अनुरक्षण	703,96,12,000
6	संचालन-व्यय—परिचालन कर्मचारी	359,71,86,000
7	संचालन-व्यय—परिचालन (ईंधन)	329,69,90,000

मांग संख्या	मांग का नाम	स्वीकृति के लिए सदन में पेश की गयी अनुदान की मांग की रकम
		रुपये
8	संचालन-व्यय—परिचालन (कर्मचारी और ईंधन को छोड़कर) .	110,79,62,000
9	संचालन-व्यय—विविध व्यय	65,51,82,000
10	संचालन-व्यय—कर्मचारी कल्याण . . .	59,00,81,000
11	संचालन-व्यय—मूल्यह्रास आरक्षित निधि में विनियोग . .	145,00,00,000
11क	संचालन-व्यय—पेंशन निधि में विनियोग . . .	50,00,00,000
12	सामान्य राजस्व को लाभांश और यात्री किराया कर के बदले राज्यों को अनुदान के लिए अंशदान	232,82,40,000
13	चालू लाइन निर्माण—(राजस्व)	10,29,73,000
14	नयी लाइनों का निर्माण—पूंजी और मूल्यह्रास आरक्षित निधि .	65,70,17,000
15	चालू लाइन निर्माण—पूंजी, मूल्यह्रास आरक्षित निधि और विकास निधि	1,298,98,89,000
16	पेंशन प्रभार—पेंशन निधि	46,23,16,000
17	सामान्य राजस्व से लिये गये ऋण और उसके ब्याज की अदायगी—विकास निधि	8,54,22,000
18	विकास निधि में विनियोग . . .	31,78,23,000
19	राजस्व आरक्षित निधि में विनियोग . . .	33,64,37,000
20	अतिपूंजीकरण के परिशोधन के लिए भुगतान—सामान्य राजस्व से लिये गये ऋण और उसके ब्याज की अदायगी—राजस्व आरक्षित निधि	136,24,77,000
21	दुर्घटना क्षतिपूर्ति, संरक्षा और यात्री सुविधा निधि में विनियोग .	10,18,35,000
22	दुर्घटना क्षतिपूर्ति, संरक्षा और यात्री सुविधा निधि . .	8,05,58,000

विनियोग (रेलवे) विधेयक,* 1978
APPROPRIATION (RAILWAYS) BILL, *1978

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1978-79 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय अतिरिक्त राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।"

*भारत के असाधारण राजपत्र, भाग 2, खण्ड 2, दिनांक 20-3-78 में प्रकाशित ।
†Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dt. 20-3-78.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1978-79 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय अतिरिक्त राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

प्रो० मधु दंडवते : मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं । †

मैं प्रस्ताव करता हूँ : ‡

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1978-79 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय अतिरिक्त राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1978-79 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय अतिरिक्त राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय : अब हम खण्डवार विचार आरंभ करेंगे ।

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2, 3 और अनुसूची विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 2, 3 और अनुसूची विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clauses 2, 3 and the schedule were added to the Bill.

खण्ड 1, अधिनियम सूत्र और शीर्षक विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clause 1, the enacting formula and the title were added to the Bill.

प्रो० मधु दण्डवते : मैं प्रस्ताव करता हूँ:

"कि विधेयक पास किया जाये ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पास किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

---

†राष्ट्रपति की सिफारिश से पुरःस्थापित ।

†Introduced with the recommendation of the President.

‡राष्ट्रपति की सिफारिश से पेश किया गया ।

‡Moved with the recommendation of the President.

अनुदानों की अनुपूरक मांगें* (रेल्वे), 1977-78
SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS* (RAILWAYS), 1977-78

अध्यक्ष महोदय द्वारा रेल मंत्रालय की वर्ष 1977–78 की निम्नलिखित अनुदानों की अनुपूरक मांगें मतदान के लिए रखी गई और स्वीकृत हुई :

The following demands for Grants in respect of Ministry of Railways for the year 1977-78 were put & adopted:

मांग संख्या	शीर्षक	स्वीकृति के लिए सदन में पेश की जाने वाली अनुदान की मांग की रकम
		रुपये
9	संचालन-व्यय––विविध व्यय	5,10,28,000
12	सामान्य राजस्व को लाभांश और यात्री किराया कर के बदले राज्यों को अनुदान के लिए अंशदान	1,74,54,000
13	चालू लाइन निर्माण––(राजस्व)	1,23,00,000
16	पेंशन प्रभार––पेंशन निधि . . .	7,92,18,000
18	विकास निधि में विनियोग . . .	7,52,72,000
19	राजस्व आरक्षित निधि में विनियोग . . .	49,29,35,000
21	दुर्घटना क्षतिपूर्ति, संरक्षा और यात्री सुविधा निधि में विनियोग .	63,27,000

विनियोग (रेल्वे) संख्या 2 विधेयक,† 1978
APPROPRIATION (RAILWAYS) NO. 2 BILL,† 1978

प्रो० मधु दण्डवते : मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

"रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1977-78 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय अतिरिक्त राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तोय वर्ष 1977-78 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय अतिरिक्त राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दि जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The Motion was adopted.

*राष्ट्रपति की सिफारिश से पेश की गई।
*Moved with the recommendation of the President.

†भारत के असाधारण राजपत्र, भाग 2, खण्ड 2, दिनांक 20-3-78 में प्रकाशित।
†Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dt. 20-3-78.

प्रो० मधु दण्डवते : मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।*

मैं प्रस्ताव करता हूं :*

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1977-78 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1977-78 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय अतिरिक्त राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The Motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय : अब हम खण्डवार विचार करेंगे।

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2, 3 और अनुसूची विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The Motion was adopted.

खण्ड 2, 3 और अनुसूची विधेयक में जोड़ दिए गए।

Clauses 2, 3 and the Schedule were added to the Bill.

खण्ड 1, अधिनियम सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए

Clauses 2, 3 and the schedule were added to the Bill.

प्रो० मधु दण्डवते : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक पास किया जाए।"

अध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

"कि विधेयक पास किया जाए।"

श्री मोहम्मद शफी कुरेशी (अनन्तनाग) : मैं रेल मंत्री को सुझाव दूंगा कि वह एक महत्वपूर्ण मामले पर ध्यान दें और मामला लोको रनिंग स्टाफ ऐसोसिएशन के बारे में है। मुझे इस ऐसोसिएशन से कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं जिनसे पता चलता है कि उनमें तनाव का वातावरण बना हुआ है और उनमें आन्दोलन चल रहा

*राष्ट्रपति की सिफारिश से पुरःस्थापित/पेश किया गया।

*Introduced/moved with the recommendation of the President.

है और उन्होंने सूचना दे दी है कि वे मई में हड़ताल कर देंगे। मेरा मंत्री जी से अनरोध है किवह लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के कर्मचारियों की शिकायतों पर ध्यान दें।

रेल संघर्ष संबंधी राष्ट्रीय समन्वय समिति ने भी अपनी गतिविधियाँ शुरू कर दी हैं। इनसे पहले कि स्थिति और खराब हो मैं चाहता हूं कि रेल मंत्री उनकी शिकायतों की ओर ध्यान दें और वित्तीय सीमाओं के अन्दर जो कुछ संभव हो सकता है वैसा करें।

श्री वयालार रवि (चिरचिकील) : दक्षिणी रेलवे में 200 से अधिक इंजीनियरी स्नातक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लोग है। उनका मामला अभी भी रेलवे बोर्ड के पास निलंबित पड़ा हुआ है। रेल मंत्री को इस मामले पर विचार करना चाहिए।

श्री पी० वकटसुब्बया (अनन्तपुर) : मैं चाहता हूं कि रेल मंत्री अपने वचन को पुनः दोहराए कि पिछड़े क्षेत्रों में नई रेल लाइनें बिधायी जाएंगी ताकि उन क्षेत्रों को विकसित क्षेत्रों के समान विकसित किया जा सके।

Shri H. L. Patwari (Mangaldoi): The Railway Minister should pay attention to Assam and see that Bongaigaon-Gauhati line is soon completed.

डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी (बम्बई उत्तर-पूर्व) : मैं रेल मंत्री के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि रेलवे में जो लोग पेंटर का काम कर रहे हैं, उनकी वर्दी का मामला बहुत दिनों से लटका हुआ है, ये गरीब लोग जिनकी आय कम है, खुद अपने लिए कपड़े बनवाते हैं और पेंटिंग का काम करते वक्त उन्हीं कपड़ों को पहने होते हैं। अतः इन लोगों को वर्दी देने के लिए रेलवे को तत्काल निर्णय लेना चाहिए।

Shri Chhabiram Argal (Morena) : In the next budget provision should be made for the conversion of Gwalior-Shevpuri line into broadgauge line.

The quota reserved for the schedule castes and scheduled tribes have not been filled.

श्री विनोदभाई बी० सेठ (जामनगर) : विरमगांव-ओखा लाइन का निर्माण कार्य तेजी से नहीं हो रहा है, मंत्री जी को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

श्री राजाराम शंकरराव माने (इचलकरंजी) : रेल मंत्री को समूचे भारत से, जहाँ कहीं संभव है तथा जहाँ कहीं यातायात अधिक है वहाँ शटल रेल सेवा चलानी चाहिए।

Shri R. L. P. Verma (Kadarma): There is great need for laying down a railway line from Giridih to Ranchi road which is only a distance of 200 miles. This is a long standing demand of the people of this area and should be taken up on priority basis.

श्री यशवंत बोरोले (जलगांव) : मेरा मंत्री महोदय से अनुरोध है कि वह रेलवे गार्डों की शिकायतों पर ध्यान दें जोकि उन्हें अखिल भारतीय रेलवे गार्ड्स कांफ्रेंस ने पेश की हैं।

मैं यह भी चाहता हूं कि मंत्री महोदय गरीब आदमी के खाने के काम में आने वाले केलों पर लगने वाले अधिक भाड़े के बारे में भी कुछ कहीं इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

Shri Bhagat Ram (Phillaur): It is strange that the capital city of Punjab namely Chandigarh is not yet linked with railway line. It should be linked with Ludhiana by a railway line as early as possible.

The flying mail and other express trains should stop at Phillaur which is an important town of Punjab.

Shri Ram Jiwan Singh (Baliha): In 1958 when Rajendra Bridge on Ganga was inaugurated, fares were increased in order to recover the cost involved in its construction. Now that the cost has been recovered the fairs should be reduced.

A divisional headquarters should be located at Barauni which connects North Bihar with South Bihar.

श्री के० माल्लवा (चित्रदुर्ग) : के० के० एक्सप्रेस एक अति तीव्र गाड़ी है । किन्तु ज्वालरपेट और बंगलौर के बीच यह अत्यंत धीमी गति से चलती है । रेल मंत्री यह सुनिश्चित करें कि उन दोनों स्टेशनों के बीच भी यह अति तीव्र गामी गाड़ी बनी रहे ।

Shri Chaturbhuj (Jhalawar): The facilities given by the Ministry of Education to the teachers should be extended by the Railway Ministry to the teachers in the Railways.

प्रो० मधु दण्डवते : मैं सभी माननीय सदस्यों के रचनात्मक सुझावों की ओर यथोचित ध्यान दूंगा ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पास किया जाए"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

अतिरिक्त अनुदानों की मांगें* (रेल्वे) 1975-76

DEMANDS* FOR EXCESS GRANTS (RAILWAYS) 1975-76

अध्यक्ष महोदय द्वारा वर्ष 1975–76 की निम्नलिखित अतिरिक्त अनुदानों की मांगें मतदान के लिए रखी गई और स्वीकृत हुई :

The following demands for excess grants in respect of Ministry of Railways for the year 1975-76 were put and adopted:

मांग संख्या	शीर्षक	स्वीकृति के लिए सदन में पेश की जाने वाली मांग की रकम
		रुपये
3	चालित लाइनों और अन्य को भुगतान . . .	2,22,645
5	संचालन व्यय—मरम्मत और अनुरक्षण . . .	13,80,57,453
6	संचालन-व्यय—परिचालन कर्मचारी . . .	1,71,17,592

*राष्ट्रपति की सिफारिश से पेश की गई ।

*Moved with the recommendation of the President.

मांग संख्या	शोर्षक	स्वीकृति के लिए सदन मे पेश की जाने वाली मांग की रकम
7	संचालन-व्यय—परिचालन (ईंधन)	6,51,70,848
8	संचालन-व्यय—परिचालन (कर्मचारी और ईंधन को छोड़कर) .	9,50,45,802
9	संचालन व्यय—विविध व्यय	3,11,54,112
10	संचालन व्यय—कर्मचारी कल्याण	54,68,576
13	चालू लाइन निर्माण—(राजस्व)	12,02,120
15	चालू लाइन निर्माण—पूंजी, मूल्यह्रास आरक्षित निधि और विकास निधि	46,03,71,860
16	पेंशन प्रभार—पेंशन निधि	4,22,16,919
17	सामान्य राजस्व से लिये गये ऋण और उसके ब्याज की अदायगी—विकास निधि	2,66,136
21	दुर्घटना क्षतिपूर्ति, संरक्षा और यात्री सुविधा निधि में विनियोग .	13,08,214

विनियोग (रेल) संख्या 3 विधेयक*, 1978
APPROPRIATION (RAILWAY) NO 3 BILL*, 1978

रेल मंत्री (प्रो० मधु दण्डवते) : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

कि रेलों के प्रयोजनार्थ सेवाओं के लिये 1976 के मार्च के 31 वें दिन को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में मंजूर की गई रकम से अधिक उस रकम को चुकाने के लिए जो उस वर्ष के दौरान उन सेवाओं के लिए व्यय की गई है, भारत की संचित निधि में से धन के विनियोग के प्राधिकरण का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ सेवाओं के लिए 1976 के मार्च के 31 वें दिन को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में मंजूर की गई रकम से अधिक उस रकम को चुकाने के लिए जो उस वर्ष के दौरान उन सेवाओं के लिए व्यय की गई है, भारत की संचित निधि में से धन के नियोजन के प्राधिकरण का उपबन्ध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

*भारत के असाधारण राजपत्र भाग 2, खण्ड 2, दिनांक 20-3-78 में प्रकाशित।
*Published in Gazette of India Part II, Section 2, dt. 20-3-78.

प्रो० मधु दण्डवते : मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं ।

मैं प्रस्ताव करता हूं†

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ सेवाओं के लिये 1976 के मार्च के 31वें दिन को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में मंजूर की गई रकम से अधिक उस रकम को चुकाने के लिए जो उस वर्ष के दौरान उन सेवाओं के लिए व्यय की गई है, भारत की संचित निधि में से धन के विनियोग के प्राधिकरण का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ सेवाओं के लिए 1976 के मार्च के 31वें दिन को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में मंजूर की गई रकम से अधिक उस रकम को चुकाने के लिए जो उस वर्ष के दौरान उन सेवाओं के लिए व्यय की गई है, भारत की संचित निधि में से धन के विनियोग के प्राधिकरण का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय : अब हम खण्डवार विचार करेंगे

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2 और 3 और अनुसूची विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 2 और 3 और अनुसूची विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clauses 2 and 3 and schedule were added to the Bill.

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clause 1, Enacting Formula and the title were added to the Bill.

प्रो० मधु दण्डवते : म प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधयक पास किया जाए ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पास किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

†राष्ट्रपति की सिफारिश से पुरःस्थापित/पेश किया गया ।

†Introduced/moved with the recommendation of the President.

अतिरिक्त अनुदानों की मांगें (सामान्य) 1975-76
DEMANDS FOR EXCESS GRANTS (GENERAL) 1975-76

अध्यक्ष महोदय द्वारा सामान्य बजट की वर्ष 1975-76 की सामान्य मांगें मतदान के लिए रखी गई और स्वीकृत हुई :

The following demands for excess Grants in respect of General budget were put and adopted :

मांग की संख्या	शीर्षक	सदन की मंजूरी के लिए पेष की जाने वाली मांग की रकम (रुपये)
1	2	3
I.	**राजस्व भाग से पूरा किया गया व्यय :**	
1	कृषि विभाग	4,67,739
2	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् को अदायगियां	536
19	रक्षा सेवाएं—स्थल सेना	61,26,20,550
21	रक्षा सेवाएं—वायु सेना	7,42,26,534
34	आय कर, सम्पदा कर, धन कर और उपहार कर	12,68,390
37	करेंसी, सिक्का और टकसाल	15,23,530
38	पेंशनें	1,31,86,429
39	अफीम और अल्कलाइड के कारखानें	31,42,075
43	स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय	14,979
46	गृह मंत्रालय	8,08,667
48	कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग	14,75,713
49	पुलिस	5,84,00,521
52	दिल्ली	1,06,76,567
54	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1,48,08,096
56	दादरा और नागर हवेली	16,009
57	लक्षद्वीप	6,13,700
62	सूचना और प्रसारण मंत्रालय	68,326
66	श्रम और रोजगार	81,52,887
76	सड़कें	2,87,053
81	खानें और खनिज	1,25,09,217
89	निर्माण और आवास मंत्रालय	2,27,468
92	आवास और नगर विकास	14,43,491
101	भारतीय सर्वेक्षण	45,42,919

1	2	3
II.	पूंजी भाग से पूरा किया गया व्यय :	
17	डाक-तार पर पूंजी परिव्यय	11,94,67,139
44	चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य	6,20,44,562
52	दिल्ली	7,10,33,475
53	चंडीगढ़	43,854
76	सड़कें	66,32,412
96	न्यूक्लीयर विद्युत स्कीमें	29,34,262

विनियोग विधेयक,* 1978
APPROPRIATION BILL,* 1978

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतीश अग्रवाल) : मैं श्री एच० एम० पटेल की ओर से प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 1976 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिये कुछ सेवाओं के लिये अनुदत्त रकमों से अधिक जितनी रकमें उक्त वर्ष के दौरान उन सेवाओं पर व्यय की गई हैं उनको चुकाने के लिये भारत की संचित निधि में से धन का विनियोग प्राधिकृत करने का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि 31 मार्च, 1976 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिये कुछ सेवाओं के लिये अनुदत्त रकमों से अधिक जितनी रकमें उक्त वर्ष के दौरान उन सेवाओं पर व्यय की गई हैं उनको चुकाने के लिये भारत को संचित निधि में से धन का विनियोग प्राधिकृत करने का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

श्री सतीश अग्रवाल : मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं† ।

मैं प्रस्ताव करता हूं@ :

कि 31 मार्च, 1976 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिये कुछ सेवाओं के लिये अनुदत्त रकमों से अधिक जितनी रकमें उक्त वर्ष के दौरान उन सेवाओं पर व्यय की गई हैं उनको चुकाने के लिये भारत की संचित निधि में से धन का विनियोग प्राधिकृत करने का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।

*भारत के असाधारण राजपत्र, भाग 2, खण्ड 2, दिनांक 20-3-78 में प्रकाशित ।

*Published in Gazette of India Part II, Section 2, dt. 20-3-78.

†राष्ट्रपति की अनुमति से पुरःस्थापित ।

†Introduced with the recommendation of the President.

@राष्ट्रपति की सिफारिस से पेश किया गया ।

@Moved with the recommendation of the President.

अध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :—

"कि 31 मार्च, 1976 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिये कुछ सेवाओं के लिये अनुदत्त रकमों से अधिक जितनी रकमें उक्त वर्ष के दौरान उन सेवाओं पर व्यय की गई हैं उनको चुकाने के लिये भारत की संचित निधि में से धन का विनियोग प्राधिकृत करने का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रो० पी० जी० मावलंकर (गांधीनगर) : आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया है इसके लिए मैं आपका आभारी हूं । सबसे पहले मंत्री महोदय को सदन को विश्वास में लेकर यह बताना चाहिए कि यह अतिरिक्त व्यय क्यों किया गया ।

दूसरे इन मांगों में कई मंत्रालयों को सम्मिलित किया गया था जिनमें संचार मंत्रालय भी शामिल है । मंत्री महोदय कृपया यह बताएं कि देशी एककों के विकास के लिए तथा बाहर से मशीनों की आयात करने के लिए टेलिफोन तथा दूरसंचार संबंधी उपकरणों के बारे में क्या कार्यक्रम है और उसमें कितना रुपया व्यय होगा ।

नर्मदा जल विवाद के बारे में भी सरकार हमें कुछ बताए । यह प्रश्न ट्रिब्यूनल के समक्ष है और आशा है कि इस वर्ष इसका फैसला हो जाएगा । किन्तु चूंकि सरकार कृषि सिंचाई आदि पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है मैं यह जानना चाहता हूं कि इस प्रकार के विवादों को शीघ्रातिशीघ्र हल करने के बारे में सरकार की क्या नीति है जिससे कि इन विवादों के तय होने के बाद राज्य सिंचाई योजनाओं को क्रियान्वित कर सके ।

अत: राज्यीय विवादों को हल करने के लिए सरकार को न्यायिक प्रकार की एक स्थायी व्यवस्था कायम करने पर विचार करना चाहिए ।

श्री वयालार रवि (चिरयिंकील) : यह बहुत आश्चर्य की बात है कि अतिरिक्त अनुदानों की मांगों पर उचित चर्चा किए बिना ही उन्हें पास किया जा रहा है । जब अतिरिक्त अनुदानों हेतु यह विधेयक यहां पर लाया गया है हम चाहते हैं इसके लिए उचित व्याख्या दी जाए । केवल यह कह कर कि उस समय मंत्रालय मेरे अधीन नहीं था वह बच नहीं सकते । सबसे पहले मैं वित्त मंत्रालय को लेता हूं । 7 अगस्त, 1977 को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केरल में मलक्कर ने एक छापा मारा गया था । इस आश्रम से उन्होंने 11 लाख रुपये बरामद किए और इस राशि को केरल में आयकर अधिकारियों के पास जमा कर दिया गया यह आश्रम विदेशियों से भरा पड़ा है ।

अध्यक्ष महोदय : आप कितना समय और लेंगे ?

श्री वयालार रवि : लगभग दस मिनट ।

अध्यक्ष महोदय : सभा कल 11 बजे तक के लिए स्थगित होती है ।

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार 21 मार्च, 1978/30 फाल्गुन, 1899 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till eleven of the clock on Tuesday, March 21, 1978/Phalguna 30, 1899 (Saka).

———

भा०स०मु०ना०—स 5—89 एल० एस० एस० (एन० डी०)/78—दि० 3-7-78—210